# संस्थान के विशेष विद्यालय में मनाई गई दीपावली

संस्थान के विशेष विद्यालय परिसर में 1 और 2 नवंबर, 2021 को दीपावली मनाई गई। इस कार्यक्रम के समन्वयक सुश्री आशिमा, सुश्री रीनू और सुश्री शीतल थीं। कार्यक्रम की शुरुआत स्पेशल एजुकेटरस के एक समूह के द्वारा चौपाइयों के गायन से की गई। इस अवसर पर विशेष विद्यालय के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम और उनकी पत्नी देवी सीता के जीवन पर आधारित एक अत्यंत रोचक नाटक का मंचन किया।

तस्वीर में दाएं से जटायु की भूमिका में अनूप, विभीषण की भूमिका में साहिल, भगवान श्री राम की भूमिका में हरमन, देवी सीता की भूमिका में पुरवा, श्री लक्ष्मण की भूमिका में राहुल एवं श्री हनूमान की भूमिका में नितिन।

दीपोत्सव के अवसर पर विशेष विद्यालय की छात्राएं कल्पना, शिखा, आरती और अनीता

दिव्यांग जगत

**बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने मनाई दीपोत्सव का त्यौहार**

दिव्यांग जगत @ चंडीगढ़।

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 के बच्चों ने 1 नवंबर 2021 को आज दीपोत्सव का त्योहार दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने एक लघु नाटिका के माध्यम से लोगों को बताया कि हम दीपावली का त्यौहार क्यों मनाते हैं? इस लघु नाटिका में हरमन, पूर्वा, राहुल, नितिन, तुषार, लक्ष्मी, साहिल, कार्तिक, संजीव, अनूप एवं अजय ने क्रमश: राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, रावण, सूर्पनखा, विभीषण, कुंभकरण, मेघनाथ, जामवंत एवं सुनहरे हिरण की भूमिका निभाई। विशेष विद्यालय की छात्राएं कल्पना, शिखा, अंशिका एवं अनीता आदि ने दीपावली से संबंधित एक अत्यंत मोहक सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने यहां के बच्चों एवं विशेष शिक्षकों को धन्यवाद एवं दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में संस्थान के विशेष विद्यालय की प्राचार्या डॉ. वाणी रत्नम, क्लिनिक प्रभारी डॉ रीना जैन, प्रशासनिक अधिकारी श्री जसपाल शर्मा, श्री संजीव, वंदना एवं स्वराज इंजन के प्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित थे। स्वराज इंजन के तरफ़ से इन बच्चों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम के संयोजक सुश्री आशिमा, रीनू मान एवं शीतल नेगी थीं।

समाचार कवरेज

शिक्षकों ने वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं।

2 नवंबर 2021 को दीपावली पर्व पर विद्यार्थियों ने सुंदर चित्र बनाए।

दीयों की सजावट एवं पेंटिंग सिखाने तथा रंगोली बनाने संबंधित वीडियो विद्यार्थियों के लिए बनाए गए।